रौल नं०....................नाम परीक्षार्थी..........................................

X-30 प्रीबोर्ड परीक्षा सन् 2025 ई० A

# चित्रकला

समय – 2½ घण्टा कक्षा – 10 पूर्णांक –100

नोट :– इस प्रश्न–पत्र में तीन खण्ड हैं, जिनमें से दो खण्ड करने अनिवार्य हैं।

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

## खण्ड–क

निम्न प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए :–

1. प्राकृतिक दृश्य होते हैं :– 1

(क) काल्पनिक (ख) आभासी
(ग) वास्तविक (घ) ये सभी।

2. दृश्य चित्रण का मुख्य घटक माना जाता है :– 1

(क) रेखा को (ख) रूप–रंग को
(ग) बनावट को (घ) इन सभी को।

3. कला की पाँच आकृतियों में सम्मिलित है :– 1

(क) वर्ग और आयत (ख) त्रिकोण
(ग) वृत्त और दीर्घवृत्त (घ) ये सभी।

4. रंग के गुण होते हैं :– 1

(क) एक (ख) दो
(ग) तीन (घ) चार।

5. तटस्थ रंग कितने होते हैं :– 1

(क) दो (ख) तीन
(ग) चार (घ) पाँच।

6. आलेखन में कौन–सा रंग प्रयुक्त होता है :– 1

(क) पारदर्शी रंग (ख) अपारदर्शी रंग
(ग) दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं।

7. स्थान के आधार पर आलेखन का प्रकार है :– 1

(क) केन्द्र का आलेखन (ख) धरातल का आलेखन
(ग) कोने का आलेखन (घ) ये सभी।

8. लाल में सफेद रंग मिलाने से कौन–सा रंग बनता है :– 1

(क) नारंगी (ख) गुलाबी
(ग) हरा (घ) बैंगनी।

9. कौन–से रंगों का माध्यम सबसे अधिक पारदर्शी होता है :– 1

(क) पोस्टर कलर (ख) वाटर कलर (जलरंग)
(ग) पेस्टल (घ) ऑयल कलर।

(पृष्ठ पलटिए)

10. 'वर्ण' का अर्थ क्या है :- 1

(क) एकवर्णीय (ख) वर्णहीन

(ग) बहुवर्णीय (घ) इनमें से कोई नहीं।

11. निम्न में से द्वितीयक रंग कौन–सा है :- 1

(क) लाल (ख) काला

(ग) नारंगी (घ) पीला।

12. सूक्ष्म आलेखन कहलाता है :- 1

(क) आलंकारिक आलेखन (ख) प्राकृतिक आलेखन

(ग) ज्यामितीय आलेखन (घ) तीनों का मिश्रण।

13. सूर्योदय के समय क्षितिज का रंग लगता है :- 1

(क) बैंगनी (ख) पीला

(ग) नारंगी (घ) लाल।

14. निम्न में से किस पेन्सिल से खींची गई लाइनें गहरी होती हैं :- 1

(क) 2B (ख) 4B

(ग) 2H (घ) HB

15. एक चित्र के लिए सबसे महत्वपूर्ण घटक है :- 1

(क) आलेखन (ख) विरोधी रंग

(ग) संयोजन (घ) अच्छा फ्रेम।

16. एक मीटर में कितने सेण्टीमीटर (सेमी) होते हैं :- 1

(क) 100 (ख) 10

(ग) 1000 (घ) 80

17. वर्ग का प्रत्येक कोण कितने अंश का होता है :- 1

(क) $60^0$ (ख) $90^0$

(ग) $45^0$ (घ) $180^0$

18. यदि एक वृत्त में एक कोण $120^0$ का है तो दूसरा कोण होगा :- 1

(क) $20^0$ (ख) $40^0$

(ग) $100^0$ (घ) $240^0$

19. 'कला' शब्द किस भाषा का है :- 1

(क) अंग्रेजी (ख) हिन्दी

(ग) संस्कृत (घ) उर्दू।

20. दरबारी चित्रकला का सम्बन्ध किस काल की चित्रकला से है :- 1

(क) अजन्ता (ख) राजपूत

(ग) मुगल (घ) मध्यकालीन।

## खण्ड 'अ' (प्राविधिक कला)

निर्देश :- केवल तीन प्रश्न हल कीजिए, लेकिन प्रश्न संख्या 5 अनिवार्य है।

1. 4 सेमी त्रिज्या के दो समान वृत्त अ और ब की रचना कीजिए, जिसमें केन्द्रों के बीच की दूरी 9 सेमी है। वृत्तों पर तिर्यक समान स्पर्श रेखा खींचिए। 10

2. दो समान्तर रेखाओं क ख एवं ग घ तथा उनकी काटती हुई एक तिर्यक रेखा च छ को स्पर्श करने वाले दो समान वृत्तों की रचना कीजिए। 10

3. 6 सेमी की रेखा क ख पर समबाहु त्रिभुज की रचना कीजिए। 10

4. वृत्त अ, 3 सेमी त्रिज्या तथा वृत्त ब, 2 सेमी की रचना कीजिए। वृत्त अ तथा ब के केन्द्रों की दूरी 6 सेमी है। वृत्त अ तथा ब की बाह्य सामान्य स्पर्शी रेखाएँ खींचिए। 10

5. एक त्रिभुज की तीन भुजाएँ अ ब 3.5 सेमी, ब स 3 सेमी तथा अ स 2.5 सेमी लम्बी हैं। त्रिभुज के क्षेत्रफल के बराबर एक आयत की रचना कीजिए। 10

## खण्ड 'ब' (आलेखन कला)

6. 20 सेमी x 15 सेमी के आयत में गाँव की झोपड़ियों एवं पेड़ का प्राकृतिक दृश्य तैयार कीजिए। चित्रांकन का माध्यम जलरंगों अथवा पेस्टल रंगों से तैयार कीजिए। 50

चित्रांकन करते समय निम्नलिखित बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दीजिए:-

(क) सही लेखांकन एवं परिप्रेक्ष्य

(ख) सही एवं उपयुक्त संयोजन

(ग) सौम्य एवं उपयुक्त रंगों का प्रयोग

(घ) सामन्य प्रभाव एंवं आकर्षण।

## खण्ड 'स' (स्मृति चित्रण) 50

(क) जग, लोटा, मग, मेज, में से किसी एक पर स्मृति- चित्रण पेंसिल द्वारा बनाये और छाया प्रकाश दिखाये चित्र 15 सेमी से छोटा न हो।

(ख) संब, नाशपाती, खरबूज, बैंगन चारों में से किसी एक पर स्मृति चित्रण बनाये और छाया प्रकाश भी दिखाइए। चित्र का आकार 15 सेमी से कम नहीं है।

## खण्ड 'द' (भारतीय कला) 50

(क) आकृति तथा बनावट के आधार पर वस्तुएँ कितने प्रकार की होती हैं? संक्षिप्त विवरण दीजिए।

(ख) भारतीय चित्रकला में रंगों का प्रयोग और महत्व लिखिए।